एक नजर में

रात्री कालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारम्भ जिले भर की 35 से अधिक क्रिकेट टीम ले रही भाग

पारा . यंग स्टार क्रिकेट क्लब के तत्वाधान मे पारा नगर मे रात्रि कालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन बस स्टेण्ड पर किया जा रहा है द्य प्रतिदिन रात्री आठ बजे से आरम्भ होने वाले इस टूर्नामेंट मे जिले भर की 35 से अधिक क्रिकेट टीम भाग ले रही है द्य क्लब द्वारा गत दो वर्षो से इस क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया जा रहा . मंगलवार की रात को पारा बस स्टैड प्रांगण में यंग स्टार क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित प्रतिवर्ष अनुसार तीसरा रात्रि कालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि पारा पुलिस चौकी प्रभारी श्रीमती पल्लवी भाभर एवं नगर के पत्रकार साथी डॉ. अनील श्रीवास्तव शैलेंद्र राठोर ,प्रभाष जैन एवं अंकीत चौहान और विनोद कहार की गरिमय उपस्तिथि में किया गया। करीब तीन दिनों तक चलने वाले इस प्लास्टिक बाल क्रिकेट टूर्नामेंट मे प्रथम पुरुस्कार सतीश अजनार (अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पारा) 15555 रू एवं द्वितीय पुरुस्कार 7777 रू फैशन गारमेंट एंड किंग ढाबा रेस्टोरेंट पारा और तृतीय पुरस्कार 3333 रू राज सोनी (बजरंग दल पारा) की और से दिया जाएगा ।क्रिकेट के शुभारंभ से ही दर्शकों एवं नगर के खेल प्रेमी युवाओं में काफी जोश एवं उत्साह देखने को मिला । शुभारम्भ के अवसर पर सभी अथितियो ने खिलाड़ियों का परिचय लेते हो सभी को समझाई भी दी की खेल खेल की भावना के साथ खेले व अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करे

अंधे कत्ल का झाबुआ पुलिस ने किया खुलासा, भाई ही निकला भाई का हत्यारा

झाबुआ . दिनांक 03.01.2026 को रात्रि लगभग 09.00 बजे दुला मचार की मृत्यु हो जाने की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर थाना राणापुर में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। मर्ग जांच के दौरान प्रकरण संदिग्ध प्रतीत होने पर मृतक दुला मचार का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृत्यु का कारण गला दबाए जाने से होना पाया गया। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना राणापुर में हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि घटना दिनांक 03.01.2026 को मृतक दुला मचार एवं उसके सगे भाई हिमता मचार के बीच भूमि के बंटवारे को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद के चलते आरोपी हिमता मचार ने रात्रि में अपने भाई दुला मचार की हत्या करने की नीयत से उसका गला दबाकर उसकी जान ले ली। पुलिस टीम द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी हिमता मचार को गिरफ्तार कर लिया गया है। सराहनीय कार्य उक्त सराहनीय कार्यवाही में थाना राणापुर प्रभारी निरीक्षक श्री दिनेश रावत, उपनिरीक्षक श्री ब्रिजेन्द्र छाबरिया, सहायक उपनिरीक्षक श्री कडेबसिंह मेडा, प्रधान आरक्षक 244 श्री राजेन्द्र, आरक्षक 19 श्री दिनेश, आरक्षक 163 श्री विवेक कुमार एवं आरक्षक 607 श्री दिनेश भयडिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

शेडनेड हाउस में ऑर्गेनिक खीरा ककड़ी से किसान ने कमाए 6 लाख रुपये

आलीराजपुर ।आलीराजपुर जिले के ग्राम उण्ड़वा के प्रगतिशील कृषक युवराज सिंह ठाकुर ने आधुनिक तकनीक और जैविक खेती को अपनाकर क्षेत्र के किसानों के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत की है। ठाकुर ने अपने 4 हजार वर्ग मीटर खेत में शेडनेड हाउस का निर्माण कर खीरा-ककड़ी की फसल ऑर्गेनिक तरीके से लगाई। इस शेडनेट हाउस बोईगई खीरा फसल की कुल लागत लगभग 2 लाख रुपये रही। उन्होंने बताया कि खीरा-ककड़ी की इस फसल से मात्र 4 माह में लगभग 40 टन उत्पादन प्राप्त हुआ। श्री युवराज सिंह ने उपज को 20 रुपये प्रति किलो के भाव से बाजार में विक्रय किया।वास्तविक लागत के मुकाबले श्री युवराज ठाकुर ने करीब 6 लाख रुपये की शुद्ध कमाई की जो कि उनकी सफलता हेतु उल्लेखनीय है। उण्ड़वा ग्राम में खीरा-ककड़ी की इस सफल फसल का निरीक्षण करने कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर उनके शेडनेट हाउस पहुंचीं। उन्होंने ऑर्गेनिक तरीके से उगाई गई फसल का अवलोकन किया और किसान से संवाद कर यह जाना कि उन्हें इस नवाचार की प्रेरणा कहां से मिली तथा उद्यानिकी विभाग से किस प्रकार सहयोग प्राप्त हुआ तब उन्होंने बताया कि उद्यानिकी विभाग के संपर्क और इंटरनेट की सहायता लेकर उन्होंने यह प्रयास किया। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने खेती की पूरी प्रक्रिया, लागत, उत्पादन, कमाई और मार्केटिंग व्यवस्था की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने युवराज सिंह ठाकुर की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे अपनी इस सफलता को अन्य किसानों के साथ साझा करें, ताकि अधिक से अधिक किसान आधुनिक व जैविक खेती की ओर प्रेरित हों। आम की खेती को भी मिलेगा बढ़ावा : किसान युवराज सिंह ठाकुर ने खीरा ककड़ी के अलावा उनके खेत में आम की विभिन्न प्रजातियां लगाई है साथ ही अमरूद भी लगाया है। कलेक्टर माथुर ने उनके द्वारा लगाए गए आम की विभिन्न प्रजातियों के बगीचों का भी अवलोकन किया। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अधिकारी कैलाश चौहान को निर्देश दिए कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (हष्ठह्रक्क) योजना के अंतर्गत आम को चयनित करने हेतु प्रस्ताव भेजा जाए। युवराज सिंह ठाकुर ने जिले के किसानों से कहा कि इस खेती को यदि सही तकनीक, मार्गदर्शन से करे तो खेती को भी लाभकारी व्यवसाय बनाया जा सकता है।

जिले में फसलों की स्थिति जानने, कृषि अधिकारियों के संयुक्त दल ने किया ग्रामों का भ्रमण

आलीराजपुर ।शीतलहर और अत्यधिक ठंड के चलते जिले में फसलों की वास्तविक स्थिति की जानकारी एकत्रित करने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र आलीराजपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. आर.के. यादव, परियोजना संचालक आत्मा श्री दादू सिंह मौर्य तथा परियोजना उपसंचालक आत्मा श्री बी.एस. बघेल के संयुक्त दल ने आज आलीराजपुर जिले के खारकुआं, मयाला, बेगड़ी, खरपाई, राजावाट सहित विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान संयुक्त दल ने गेहूं, चना, मक्का, बाजरा आदि फसलों की स्थिति का निरीक्षण किया। बुआई के अनुसार फसलों में फूल, फल, कल्ले, बालियां एवं भुट्टों की स्थिति अच्छी पाई गई, जिससे किसानों में संतोष का माहौल देखा गया। कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा जिले की कृषि सखियों को नवाचार के तहत प्रदाय किए गए कुसुम फसल के बीजों से उगाई गई फसल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कुसुम फसल की स्थिति संतोषजनक पाई गई तथा यह फसल जिले में अधिक आमदनी प्राप्त करने के लिए उपयुक्त बताई गई।

हम भटक रहे हैं, क्योंकि हमें परमात्मा से मांगना भी नहीं आता : योगरुचि विजयजी

▶ जैन समाज के 200 से अधिक घरों में विराजमान हुए प्रभु पार्श्वनाथजी

झाबुआ। जैन श्री संघ के प्रांगण में आज खुशी का माहौल है, हर्षोल्लास, उमंग, उत्साह है, क्योकि आज प्रत्येक जैन परिवार के यहां घर पर परमात्मा का प्रवेश होने वाला है। श्री ऋषभदेव बावन जिनालय के उपाश्रय में विराजमान परम् पूज्य आचार्य भगवंत श्री जिनसुंदर सूरीश्वरजी मसा के शिष्य प्रन्यास प्रवर श्री योगरुचि विजयजी मसा की पावन निश्रा में 8 जनवरी, गुरुवार सुबह 9.30 बजे से प्रभु श्री पार्श्वनाथ भगवान की 200 से अधिक प्रतिमाओं की पूर्ण विधि-विधान के साथ अष्टप्रकारी पूजन की विधि आरंभ हुई।

जानकारी देते हुए श्री संघ मीडिया प्रभारी रिंकू रूनवाल ने बताया कि जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ झाबुआ के श्रावक-श्राविकाएं सभी प्रतिमा के सम्मुख बैठे थे एवं प्रतिमा को पाटले के ऊपर सिंहासन पर विराजित किया गया। विधिकारक दीपक मुथा एवं निखिल भंडारी ने भक्तिमय माहौल में सुंदर स्तवनों की प्रस्तुति दी एवं पूजन की विधि करवाई। पूज्य प्रन्यास प्रवरश्री ने प्रत्येक प्रतिमा पर अभिमंत्रित वासक्षेप किया। गुरुवंदन की विधि श्रावक रत्न धर्मचंद मेहता ने करवाई। प्रभु की महिमा बताते हुए प्रन्यास प्रवर श्री योगरुचि विजयजी मसा ने कहा कि पहले नंबर में परमात्मा से मांगना ही नहीं है, हमारी सोच सीमित है। ऊपर वाला हजार हाथ वाला सर्वज्ञ है, उनको पता है किसको कब, क्या, कितना देना है ? तो हम सामने से क्यों मांगे और मांगना भी है तो ऐसा मांगे कि एक ही विनती में सब आ जाए। एक अंधे भिखारी पर भगवान खुश हो गए। भगवान ने कहा कोई भी एक वरदान मांगों। आपको पता है, उसने एक ही वरदान में बहुत कुछ मांग लिया और भगवान से कहा कि मैं मेरी सात मंजिल की हवेली पे तीसरे बेटे के बेटे को सोने के झूले में झूलता हुआ देखूं। यह एक ही वरदान में आंख 7 मंजिल की हवेली तीसरे बेटे के भी वहां बेटा, बहुत सारा सोना सब कुछ मांग लिया। हम भी प्रभु से पैसा, पत्नी, घर, दुकान, बेटे के छोटे मोटे प्रश्न को सुलझाने का जवाब प्रभु के पास मांगते है, परंतु परमात्मा की तो इतनी ताकत है कि कोई प्रश्न ही नहीं रहे, ऐसे मोक्ष में स्थान दिला दे। संसार में है, तब तक प्रश्न है। संसार से ही छूट गए तो एक भी प्रश्न नहीं रहेगा।

सामूहिक वर्षीतप की तपस्या करने की प्रेरणा दी

इस अवसर पर श्री संघ अध्यक्ष संजय मेहता ने बताया कि आज सबको परमात्मा की प्रतिमा दी गई और सभी श्रावक-श्राविकाओं ने शुभ मुहूर्त में अपने घर पर ले जाकर पूजन स्थल पर रखी। इसकी स्थापना श्रेष्ठ 1 फरवरी 2026 सर्वार्थ सिद्धि योग रवि पुष्य नक्षत्र तक के श्रेष्ठ मुहूर्त में घर के चौखट पर परमात्मा प्रभु श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ भगवान विराजित होंगे। उसकी सारी विधि पूज्य प्रन्यासश्री ने र उपस्थित समाजजनों को बताई। श्री संघ सचिव रत्नदीप मोनू सकलेचा ने बताया कि पूज्य पन्यास प्रवर श्री योगरुचि विजयजी मसा ने समाजजनों को आव्हान करते हुए कहा कि इस वर्ष सामूहिक वर्षीतप की तपस्या झाबुआ श्री संघ में हो,

प्रतिदिन सैकड़ों लोग मेले का आनंद लेने पहुंच रहे, 20 तक चलेगा मेला

▶ झाबुआ के उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर विहिप एवं बजरंग दल द्वारा 'महाराज नो मेलो' का हो रहा भव्य आयोजन

झाबुआ। शहर के उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर विश्व हिन्दू परिषद् मालवा प्रांत एवं बजरंग दल द्वारा जिले के आदिवासी संत स्व. खुमसिंह महाराज की स्मृति में 6वां 'महाराज नो मेलो' का सफल और भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह मेला विगत 1 जनवरी से शुरू होकर 20 जनवरी तक चलना है। मेले का समय सुबह 9 से रात्रि 10.30 बजे तक रखा गया है। मेले में प्रतिदिन शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच रहे है। लोगों द्वारा झूले-चकरी का आनंद लेने के साथ दुकानों से जमकर खरीदी भी की जा रहीं है।

भव्य प्रचार-प्रसार किया जा रहा

मेले में देर शाम से रात्रि में भीड़ अधिक देखने को मिल रहीं है। विहिप जिला उपाध्यक्ष राहुल डामोर एवं आशीष भूरिया ने बताया कि मेले का उद्देश्य आदिवासी बाहुल जिले की सनातन संस्कृति एवं परंपरा को जीवंत रखने के साथ लोगों का भरपूर मनोरंजन करना है। मेले में झूले एवं दुकाने राम राज्य मेला इवेंट की ओर से लगाई गई है। मेले का भव्य रूप से प्रचार-प्रसार भी सत्त किया जा रहा है।

मेला आयोजक विहिप जिला उपाध्यक्ष राहुल डामोर एवं सहयोगी आशीष भूरिया ने बताया कि उत्कृष्ट मैदान पर मेले में 1 बड़ा झूला, 2 ड्रेगन, 2 ब्रेक डांस, 1 छोटा राकेट, 1 राउंड झूला, 1 ट्रेन, बच्चों के लिए मिक्की माउस, छोटा ड्रेगन आदि झूले लगे हुए है। इसके साथ ही दुकानों में कपड़े, श्रृंगार, बच्चों के खिलौने, स्वल्पाहार आदि की दुकाने सजी हुई है। यह दुकान उत्कृष्ट मैदान के साथ सज्जन रोड़, बस स्टैंड चौराहा, जिला चिकित्सालय मार्ग आदि स्थानों पर लगी है। शहर सहित ग्रामीण अंचलों के लोग मेले में झूले-चकरी का जमकर आनंद लेने के साथ दुकानों से खरीदी भी कर रहे है। मेला आयोजन में बजरंग दल के युवा कार्यकर्ताओं द्वारा व्यवस्था संभालने के साथ प्रशासन एवं पुलिस की ओर से भी सुरक्षा के इंतजाम किए गए है।

श्री सिद्धेश्वरी अंबे माता मंदिर पर दान पेटी में से तीसरी बार हुई चोरी

झाबुआ। शहर के सिद्धेश्वर कॉलोनी में श्री सिद्धेश्वरी अंबे माता मंदिर पर 8 जनवरी, गुरूवार दोपहर करीब 12 बजे अज्ञात बदमाश ने मंदिर के अंदर प्रवेश कर दान-पेटी में से नगदी चुरा ली। जिसकी शिकायत मंदिर समिति की ओर से पुलिस थाने पर दर्ज करवाई गई है। जानकारी देते हुए मंदिर समिति के युवा अजय राठौर ने बताया कि मंदिर में दान पेटी से चोरी की यह तीसरी बार घटना हो चुकी है। जब मंदिर से जुड़ी महिलाएं गुरूवार दोपहर 1 बजे मंदिर पहुंची, तो कांच की दान-पेटी उन्हें गिरी मिलने के साथ अंदर रखे नोट एवं चिल्लर बिखरी हुई थी। इससे पूर्व भी अज्ञात बदमाश द्वारा दो बार मंदिर में दान-पेटी से राशि निकाली जा चुकी है।

खेलों एमपी यूथ गेम्स का होगा आयोजन

▶ पंजीयन हेतु खेल एवं युवा कल्याण विभाग आलीराजपुर से करे संपर्क

आलीराजपुर । जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी द्वारा बताया। कि खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन 28 खेलों में जूनियर आयु वर्ग में खेलों की लोकप्रियता व संबंधित खेल में प्रतिवर्ष होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं को दृष्टिगत रखते हुये विकासखण्ड, जिला एवं राज्य स्तर अथवा सीधे राज्य स्तर पर 12 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में चयन ट्रॉयल 16 जनवरी 2026 एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता दिनांक 18 जनवरी 2026 को किया जाएगा। जिसमें निम्?न तीन चरण (ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर) में हॉकी, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, खो-खो, तैराकी, टेबल-टनिस, मल्लखम्ब, कुश्ती, जूडो, शतरंज, वेटलिफ्टिंग, खेलो को सम्मिलित करते हुए इनका आयोजन किया जाएगा एव) में फुटबॉल, व्हालीबॉल, क्रिकेट, बैडमिन्टन, पिटठू, बास्केटबॉल, टेनिस, योगासन, रस्साकसी, कबड्?डी खेलो का आयोजन किया आएगा। साथ ही सीधे राज्य स्तर पर आर्चरी,ताईक?वांडो - क्याकिंग कैलोईग, रोईंग, फैंसिग, शूटिंग, थ्रो-बॉल का आयोजन किया जाएगा।

खिलाड़ियों की आयु 19 वर्ष से कम होनी चाहिए साथ ही उनका जन्म 01 जनवरी 2007 अथवा उसके पश्चात हुआ हो,आयु सत्यापन हेतु जन्म प्रमाण-पत्र या 10वीं बोर्ड की अंकसूची अनिवार्य होगी, खिलाड़ी मध्यप्रदेश का स्थानीय निवासी अथवा म.प्र. राज्य खेल अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा हो।

प्रदेश स्तर पर विपणन सहकारी संस्था पेटलावद को मिला सम्मान

▶ मंत्री विश्वास सारंग ने देवडा को सौंपा सम्मान पत्र

पेटलावद। बिना सहकार नहीं उद्धार शासन के नारे को साकार करते हुए अंचल की विपणन संस्थाएं लगातार आमजन के सहयोग और किसानों के हित में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। इसी कड़ी में विपणन सहकारी संस्था मर्यादित पेटलावद द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया गया है।मंगलवार को भोपाल स्थित अपेक्स भवन में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा आयोजित गरिमामयी समारोह में मध्यप्रदेश में उत्कृष्ट कार्य करने पर विपणन सहकारी संस्था मर्यादित पेटलावद को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रदेश के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने संस्था को यह सम्मान प्रदान किया। संस्था की ओर से पुरस्कार प्रबंधक मांगीलाल पटेल एवं सहायक प्रबंधक गजराजसिंह देवड़ा ने मंत्री विश्वास सारंग के हाथों ग्रहण किया। संस्था को यह उपलब्धि किसानों के हित में किए गए नवाचारों, पारदर्शी कार्यप्रणाली और निरंतर, सेवा भावना के चलते मिली है। इस उपलब्धि पर सहकारिता उपायुक्त झाबुआ डीसी भिड़े के उचित मार्गदर्शन व प्रशासक रविंद्र सोलंकी के कार्यकाल में विपणन सहकारी संस्था के माही टमाटर शोस एवं रासायनिक खाद विक्री एव उपार्जन कार्य , पीडीएस कार्य आदि अन्य कार्यों को देखते हुए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम नई दिल्ली के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा 6 जनवरी को अपेक्स बैंक के समन्वयक भवन में मध्य प्रदेश के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग द्वारा उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। पेटलावद संस्था को मिले इस सम्मान से न केवल पेटलावद बल्कि संपूर्ण अंचल गौरवान्वित हुआ है।

एक नजर में ▶ रंभापुर में संघ शताब्दी वर्ष पर हिंदू सम्मेलन आयोति

कठिन तपस्या, त्याग और सेवाभाव के कारण आज हिंदू समाज संगठित है : काक

मेघनगर . संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर रम्भापुर मंडल, मेघनगर खण्ड में रविवार को भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। शोभायात्रा के पश्चात अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अंत में भारत माता की आरती के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में ब्रह्मऋषिशरणागत संत श्री कालिकानंद महाराज, पीठाधीश्वर माँ हिंगलाज वांकडीमाता सिद्धपीठ छोटा नलखेडा, स्वाति आचार्य (उच्च माध्यमिक शिक्षक) तथा मुख्य वक्ता अखिल भारतीय व्यवस्था प्रमुख अनिल ओक उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता अनिल ओक ने संबोधित करते हुए कहा कि आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है। इस अवसर पर देशभर में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय तक परतंत्र रहा, जिसका कारण आपसी भेदभाव, जातिवाद और समाज में बिखराव था। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने युवाओं के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की, जो आज वटवृक्ष का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब हिंदू कहलाने में संकोच होता था, आज वही समाज गर्व के साथ स्वयं को हिंदू कहता है। कठिन तपस्या, त्याग और सेवा भाव के कारण आज हिंदू समाज संगठित हुआ है। देशभर में 80 हजार से अधिक शाखाएं संचालित हो रही हैं। प्राकृतिक आपदा हो या मानव निर्मित संकट, संघ के स्वयंसेवक सदैव सबसे पहले सेवा कार्य में आगे रहते हैं। ओक ने जनजातीय समाज की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह क्षेत्र स्वाभिमानी जनजातीय समाज का रहा है, जिसने सदैव समाज और राष्ट्र के लिए योगदान दिया है। रामायण काल में वनवासी समाज ने भगवान श्रीराम के साथ रहकर धर्मयुद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भगवान श्रीराम का त्याग, मर्यादा और वनवासी जीवन आज भी प्रेरणा देता है। उन्होंने गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों के बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए, लेकिन धर्म परिवर्तन स्वीकार नहीं किया। यही हमारी संस्कृति की शक्ति है, जो सबको जोड़ने वाली है। राम भारत की आत्मा हैं। मुख्य वक्ता ने कहा कि आज भी विदेशी शक्तियां 'फूट डालो और राज करो' की नीति अपनाकर देश को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं।